सर्टिफिकेट पिम प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

मॉड्यूल 9- जल उपभोक्ता समिति द्वारा सिंचाई अंकन

विषय 9.2 आयतन आधारित सींच अंकन

विषय-9.2
आयतन आधारित
सींच अंकन

मॉड्यूल 9 के विषय :

9.1 क्षेत्रफल आधारित सींच अंकन
9.2 आयतन आधारित सींच अंकन
9.3 सिंचाई अंकन में जल उपभोक्ता समिति और विभाग की भूमिका
9.4 सींच कर की वसूली

1. आयतन आधारित सींच अंकन

आयतन आधारित सींच लिखने के लाभ: - क्षेत्रफल आधारित सींच लिखने मे भले ही सींच हर बार लिखी जाती हो परन्तु उस **पर शुल्क इस प्रकार लगाया जाता है कि जैसे कृषक ने एक ही बार सींचा हो.** क्षेत्रफल आधारित सींच सिंचाई जल के कुशल उपयोग में बड़ी बाधा है क्योंकि :

1) जिस कृषक ने कई बार सिंचाई की है वह भी उतना ही शुल्क देता है जितना एक बार सिंचाई वाला किसान. जो साम्यता के सिद्धांत के विरुद्ध है.
2) इससे किसान को बचत करने के प्रति प्रोत्साहन नहीं मिलता.
3) आयतन आधारित सींच से जो जितने पानी का उपयोग करेगा वह उतने ही पैसे देगा.
4) इससे किसान बचत की तरफ आकर्षित होगा.
5) इससे किसानो को जल के वास्तविक मूल्य का पता चलेगा तथा वे इसको किफायत से प्रयोग करने की तरफ ध्यान देंगे.

आयतन की इकाई व परिवर्तन गुणांक

1 घन फुट	=	0.0283 घन मी0
1 घन मी0	=	35.32 घन फुट
1 कयूसैक दिवस	=	86400 घन फीट
1 एकड़ फुट	=	1233.5 घन मी0 (43560 घन फुट)
1 घन फुट	=	6.24 गैलन
1 गैलन	=	4.546 लीटर
1 लीटर	=	1000 घन से0मी0 (0.353 घन फुट)
1000 लीटर	=	1 घन मी0

नहर जल प्रवाह क्षमता

1 क्यूसेक (घन फूट प्रति सेकंड) = 1 फूट गुणे 1 फूट गुणे 1 फूट प्रवाहित जल राशि

1 क्यूमेक (घन मीटर प्रति सेकंड) = 1 मीटर गुणे 1 मीटर गुणे 1 मीटर जल राशि

1 मिलीयन घन फिट (एमसीएफटी) प्रति सेकंड = 10 लाख घन फिट प्रति सेकंड प्रवाहित जल राशि

1 मिलीयन घन मीटर प्रति सेकंड = 10 लाख घन मीटर प्रवाहित जल राशि

1 क्यूमेक = 1 घनमीटर प्रति सेकेंड= 35.32 क्यूसेक

1क्यूसेक घंटा= 1 हे0से0मी0=100 घन मीटर= 1 एकड़ इंच = एक क्यूसेक जल एक घंटा बहने पर

1 क्यूसेक = 28.32 लीटर प्रति सेकेंड

आयतन आधारित सींच लिखने की प्रक्रिया

सींच अंकन

(आयतन आधारित)

1 अल्पिका का नाम ----------

2 कुलाबा संख्या ----------

3 कुलाबा की चैनैज ----------

4 सिंचाई वर्ष ----------

5 रबी/खरीफ ----------

6 सिंचाई सप्ताह ----------

क्र.	किसान का नाम / पिता का नाम	शाखा			वारबंदी के आरम्भ का समय व दिनांक	वारबंदी की समाप्ति का समय व दिनांक	कुल समय घंटे मे(7-6)	कुलाबा का	क्यूसेक घंटा (8*9)	उपयोगित जल का आयतन= स्तम्भ9 *10	जिन्स का नाम	फसल का क्षेत्रफल
		हैड	मिडिल	टैल								
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13

आयतन आधारित सींच लिखने की प्रक्रिया:

आयतन आधारित सींच लिखने के लिए ऊपर दिया गया प्रपत्र उपयोग मे लिया जा सकता है. आयतन आधारित सींच लिखने के लिए वार बंदी को भी इस्तेमाल किया जा सकता है अन्यथा सीधे सीधे प्रारंभ का समय व बंद करने का समय लिखकर उपयोग किये गए घंटे स्तम्भ 8 मे लिखे जा सकते हैं.

माना इस प्रकार कुल समय 20 घंटे आता है और कुलाबे का डिसचार्ज 0.33 क्यूसेक है तो स्तम्भ 10 मे स्तम्भ 8 व 9 की गुणा करके क्यूसेक घंटे लिख दिया जाएगा. क्योंकि 1 क्यूसेक घंटा = 1 हे से मी , अतः स्तम्भ 11 मे स्तम्भ 10 का मान लिख दिया जाएगा. 1 हे से मी =100 घन मीटर अतः यदि दर प्रति घन मीटर दी हुई है तो उपयोगित जल का मूल्य आ जायेगा. अगर जल दरें घन फीट मे दी गई हैं तो इसे घन फीट मे परिवर्तित कर मूल्य निकाला जायेगा. 1 घन मीटर =35.32 घन फीट अतः 1 हे से मी =100 घन मीटर =3532 घन फीट . इससे उपयोगित जल का घन फीट मे आयतन निकल कर मूल्य निकाला जायेगा.

उदाहरण :

प्रश्न: एक किसान ने 4" कुलाबे से जिसका डिसचार्ज 0.33 क्यूसेक है 25 घंटे सिंचाई की तथा यदि जल का मूल्य रू 2/= प्रति 100 घन मीटर है तो उसको कितना पैसा देना होगा?

हल: कुलाबे का डिसचार्ज 0.33 क्यूसेक चालित घंटे 25. उपयोगित जल =0.33 **x** 25 =8.25 क्यूसेक घंटे = 8.25 हे से मी = 825 घन मीटर @ 2/= प्रति 100 घनमीटर =(2 **x** 825 /100) =16.50.

स्वयं कर के देखें

अभ्यास: एक किसान एक कुलाबा, जिसका डिसचार्ज 0.67 क्यूसेक है, से 20 घंटे सिंचाई करता है उसे कितना पैसे देना पड़ेगा यदि जल मूल्य 2/= प्रति 100 घन मीटर हो**?**

कृषक को उपलब्ध कराये जाने वाला सींच का विवरण

(आयतन आधारित)

1 अल्पिका का नाम ----------

2 कुलाबा संख्या ----------

3 कुलाबा की चैनैज ----------

4 गाँव का नाम ----------

5 तहसील ----------

6 जिला ----------

7 सिंचाई वर्ष ----------

8 रबी/खरीफ ----------

क्र0 स0	कृषक का नाम	कृषक के पिता का नाम	खेत/गाटा संख्या	सिंचाई मे लगा कुल समय	जल का कुल आयतन	प्रति इकाई आयतन जल दर	जल का मूल्य (रू0) 6*7	पिछ्ला बकाया (रू0)	कुल (रू0)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

अल्पिका स्तर पर जल उपभोक्ता समिति
के अध्यक्ष के हस्ताक्षर और मुहर